राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

<u>बिहार सरकार</u>

विज्ञापन संख्या-BCECEB(Rev.)-2019/09 दिनांक- 24.08.2021

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग (बिहार सरकार) के अधीन ''अमीन (जिला उप संवर्ग के अंतर्गत अंचल अमीन / भूमि सुधार उप-समाहर्त्ता कार्यालय / भू-अर्जन निदेशालय)'' के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु ऑनलाईन आवेदन एवं ऑनलाईन कम्प्यूटर बेस्ड परीक्षा से संबंधित आवश्यक सूचना

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार सरकार द्वारा संसूचित अधियाचना के अनुसार राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अधीन ''अमीन (जिला उप संवर्ग के अंतर्गत अंचल अमीन/ भूमि सुधार उप-समाहर्त्ता कार्यालय/ भू-अर्जन निदेशालय)'' के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु ऑनलाईन कम्प्यूटर बेस्ड परीक्षा (Computer Based Test) दिनांक 10.08.2021 से 12.08.2021 तक पटना जिला के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर तीन पालियों में आयोजित की गयी थी। जो अभ्यर्थी ऑनलाइन कम्प्यूटर बेस्ड परीक्षा में उपस्थित हुए थे, उनका question एवं standard answer पर्षद के website: bceceboard.bihar.gov.in पर upload किया जा रहा है, जिसे "Online Application Portal of Amin (Deptt. of Revenue and Land Reforms)" link पर click कर "View your answers and Standard Answer Key of Amin-2019 Under Deptt. of Revenue and Land Reforms" Link पर click करें तथा Registration No. एवं Password द्वारा account में login कर अपने Questions एवं Standard Answer को देख सकते हैं। अभ्यर्थी यदि अपने Question के Standard Answer से संतुष्ट नहीं हैं तो वैसे सभी अभ्यर्थी अपने Answer को दिनांक 25.08.2021 से 28.08.2021 तक चुनौती दे सकते हैं।

अभ्यर्थी को प्रत्येक चुनौती के लिए 100/- (एक सौ) रुपये का ऑनलाईन पेमेंट प्रोसेसिंग फी के रूप में करना होगा। अगर अभ्यर्थी का चुनौती सही पाया जाता है तो उसे प्रोसेसिंग फी वापस कर दिया जाएगा। अगर कोई अभ्यर्थी ऑनलाईन पेमेंट नहीं करते हैं तो उनकी चुनौती को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

किसी अन्य प्रकार से दिये गये चुनौती को स्वीकार नहीं किया जायेगा, इसलिए अभ्यर्थी चुनौती को ईमेल / पोस्ट नहीं करें। नीचे दिये गये निम्नलिखित प्रक्रियाओं का पालन कर अभ्यर्थी अपना चुनौती दे सकते हैं।

1. अभ्यर्थी उपरोक्त वर्णित Link को Click करें।
2. अभ्यर्थी अपने Registration No. एवं Password के साथ अपने Account में लॉगिन करने के बाद "View Response" पर क्लिक करें। उसके बाद अभ्यर्थी Question wise प्रतिक्रिया के साथ Question wise correct Answer को देख सकते हैं।
3. अगर अभ्यर्थी Question के Answer को चुनौती देना चाहते हैं तब "Create Challenge" बटन को क्लिक करें। Challenged Option के अंदर 4 तरह के विकल्प होंगे जो कि निम्नवत् है;
   i. Wrong and Ambiguous Question
   ii. More than one correct option / answer in a question / same option repeated
   iii. All the options / answers are wrong for a question
   iv. Correct option is

   अभ्यर्थी उपरोक्त वर्णित चारों विकल्प में से किसी एक विकल्प का चयन करें तथा "Proceed" बटन पर click करें।
4. Proceed बटन को क्लिक करने के बाद अभ्यर्थी "Proceed to Pay" पर क्लिक कर चुनौती प्रोसेसिंग फी को ऑनलाइन माध्यम से पेमेंट करें।

नोट: अभ्यर्थी उपरोक्त वर्णित प्रक्रियाओं द्वारा एक से अधिक Questions के Answer को भी चुनौती दे सकते हैं।

5. अभ्यर्थी अपने द्वारा Challenge किये गये questions को "View Challenge" बटन पर click कर सकते हैं।
6. सफलता पूर्वक पेमेंट हो जाने के बाद अभ्यर्थी चुनौती रिसीप्ट को डाउनलोड कर लें।
7. चुनौती देने की अंतिम तिथि के बाद किसी भी प्रकार के चुनौती को स्वीकार नहीं किया जायेगा।
8. अगर अभ्यर्थी का चुनौती सही पाया जाता है, तब प्रत्येक सही चुनौती के लिए अभ्यर्थी द्वारा जमा किये गये प्रोसेसिंग फी को उनके अकाउंट में ऑनलाईन वापस कर दिया जाएगा।
9. अभ्यर्थी का स्कोर Normalization के बाद फाईनल "SCORE" होगा।
10. चेतावनी : Candidates are directed not to take any print or reproduce the response sheet in any form. The content of the response sheet is the property of Revenue and land Reforms Department, Govt. of Bihar, Patna. Violations of the same will be viewed seriously and necessary legal action will be taken.

सभी सम्बन्धित इस परीक्षा संबंधी अद्यतन जानकारी हेतु पर्षद के वेबसाईट bceceboard.bihar.gov.in के सम्पर्क में रहें।

नोडल पदाधिकारी